# गोकुल की गलियों में लुक छुप | By Mukesh Bagda |

गोकुल की गलियों में लुक छुप
खेल रहे हैं
खेल रहे बनवारी
ऐसे हैं मेरे कृष्ण मुरारी
ऐसे हैं मेरे कृष्ण मुरारी

मात यशोदा पालना झुलावे
बाबा नंद जी चलना सिखावे
ग्वाल बाल संग माखन खाते
ग्वाल बाल संग माखन खाते
ग्वालिन के घर देखो
वो फोड़ रहे मटकी को
वो फोड़ रहे हैं मदन मुरारी
ऐसे हैं मेरे कृष्ण मुरारी
ऐसे हैं मेरे कृष्ण मुरारी

ग्वाल बाल संग खेलत देखो
गेंद गई यमुना में
काली दह में कूद के देखो
काली दह में कूद के देखो
नाग का मर्दन करके
वो नाच रहे हैं फन के ऊपर
वो नाच रहे हैं कुंज बिहारी
ऐसे हैं मेरे कृष्ण मुरारी
ऐसे हैं मेरे कृष्ण मुरारी

मित्र सुदामा जब द्वार आया
देख सखा को मन हर्षाया
देख सुदामा की दीन दशा को
देख सुदामा की दीन दशा को
प्रभु का दिल भर आया
वो धोने लगे हैं देखो मन
वो धोने लगे हैं आँसुवन से
वो धोने लगे हैं चरण मुरारी
ऐसे हैं मेरे कृष्ण मुरारी
ऐसे हैं मेरे कृष्ण मुरारी

गोकुल की गलियों में लुक छुप
खेल रहे हैं
खेल रहे बनवारी
ऐसे हैं मेरे कृष्ण मुरारी
ऐसे हैं मेरे कृष्ण मुरारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%95%e0%a5%81%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%97%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b2%e0%a5%81%e0%a4%95-%e0%a4%9b%e0%a5%81/